समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव की उलटी गिनती शुरू, 19 राज्यों मे संगठन चुनाव के बाद तय होगा नाम।

Publisher
Published on 27 Jun 2025




## बीजेपी ने 14 राज्यों मे प्रदेश अध्यक्षों का किया ऐलान, बाकी 19 राज्यों मे संगठनात्मक प्रक्रिया पूरी होने के बाद होगा राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव।

**नई दिल्ली, 27 जून 2025: भारतीय जनता पार्टी (BJP)** में नेतृत्व परिवर्तन की तैयारियां तेज हो गई हैं। पार्टी ने शुक्रवार को संकेत दिए कि **राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव** जल्द हो सकता है, क्योंकि अब केवल **19 राज्यों मे संगठनात्मक चुनाव** की प्रक्रिया बाकी रह गई है।

**बीजेपी** ने अब तक **14 राज्यों** में नए **प्रदेश अध्यक्ष घोषित** कर दिए हैं और 3 और राज्यों में **चुनाव प्रक्रिया** के लिए **राज्य चुनाव अधिकारियों** की नियुक्ति भी कर दी है। इन अधिकारियों को जल्द ही संबंधित राज्यों में चुनाव संपन्न कराना है।

**कौन बने राज्य चुनाव अधिकारी ?**
शुक्रवार को बीजेपी ने तीन अहम नियुक्तियां कीं:
१. **महाराष्ट्र: केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू**
२. **उत्तराखंड : केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा**
३. **पश्चिम बंगाल : वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद**
४. इन तीनों को राज्य स्तरीय संगठन चुनाव की जिम्मेदारी दी गई है।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कैसे होगा ?**

**बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष** के चुनाव के लिए पहले सभी रा**ज्यों मे संगठनात्मक चुनाव** की प्रक्रिया पूरी होनी जरूरी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, **जुलाई 2025** के पहले सप्ताह तक यह प्रक्रिया पूरी हो सकती है, जिसके बाद **राष्ट्रीय अध्यक्ष** का नाम तय किया जाएगा।

### किन राज्यों मे हो चुका है ऐलान ?

अब तक जिन राज्यों में संगठन चुनाव पूरे हो चुके हैं और **नए प्रदेश अध्यक्षों** का ऐलान किया जा चुका है, उनमें शामिल हैं: **असम, सिक्किम, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, केरल, लक्षद्वीप, मेघालय, नागालैडं, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर**।

### किन राज्यों मे अंभी बाकी है प्रक्रिया ?

**उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तराखंड** समेत **19 राज्यों** में अब भी **संगठन चुनाव** की प्रक्रिया बाकी है। जैसे ही यह पूरी होती है, **पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व** के नए चेहरे का ऐलान करेगी।

### बीजेपी की ऐतिहासिक भूमिका

**1980** में स्थापित **भारतीय जनता पार्टी** ने **2014** और **2019** में पूर्ण बहुमत से केंद्र में सरकार बनाई थी। हालांकि 2024 में वह बहुमत से पीछे रही और गठबंधन के जरिए सरकार बनाई। वर्तमान समय में पार्टी संगठन को फिर से मजबूती देने की दिशा में काम कर रही है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.